भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1823**

जिसका उत्तर मंगलवार 14 दिसंबर, 2021

23 अग्रहायण, 1943 (शक) को दिया जाना है

**एयर इण्डिया का विनिवेश**

**1823. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) एयर इण्डिया का कुल कर्ज कितना है और निजी कम्पनी को एयर इण्डिया कम्पनी का विनिवेश करके कितनी राशि की वसूली की जा रही है;

(ख) क्या यह सच है कि बिक्री के माध्यम से की गई सभी प्रकार की वसूली राशि भी शामिल है, जिसमें इमारतों जैसी परिसंपत्तियों की बिक्री के माध्यम से प्राप्त के बाद भी 28,000 करोड़ रूपये से अधिक का कर्ज शेष बकाया रह जाएगा;

(ग) यदि हां, तो इस बकाया राशि को कैसे वसूल करने की योजना है;

(घ) क्या विनिवेश पूरा होने के बाद सरकार कम्पनी मे कोई हिस्सेदारी/ नियंत्रण या स्वामित्व बरकरार रखेगी; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(डॉ. भागवत किशनराव कराड)**

(क), (ख) एवं (ग): सरकार ने एयर इंडिया और इसकी अभिज्ञात सहायक कंपनियों/संयुक्त उद्यमों (एआईएक्सएल में 100% शेयरधारिता और एआईएसएटीएस में 50% शेयरधारिता) के रणनीतिक विनिवेश के लिए उद्यय मूल्य (ईवी) बोली दृष्टिकोण का अनुसरण किया है। ईवी दृष्टिकोण के तहत, बोलीदाताओं को ईवी के आवंटन के लिए एक संयुक्त ऋण और इक्विटी मूल्य, जिसमें 85% तक के मूल्य को ऋण के रूप में और न्यूनतम 15% इक्विटी प्रतिफल के रूप में उद्धृत करना था। एयर इंडिया और उसकी अभिज्ञात सहायक कंपनियों के रणनीतिक विनिवेश के लिए चयनित बोलीदाता मैसर्स टाटा सन्स प्रा. लि. के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी मैसर्स टेलेस प्रा. लि. ने 18,000 करोड़ रूपये का उद्यम मूल्य उद्धृत किया है जिसमें से 15,300 करोड़ रूपये (उद्धृत उद्यम मूल्य का 85%) का ऋण एआई+एआइएक्सएल के पास बना रहेगा और 2,700 करोड़ रूपये

(उद्धृत उद्यम मूल्य का 15%) का नकद घटक है। 31.03.2021 की स्थिति के अनुसार, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस लि. (एआईएक्सएल) के बही खाते में कुल बकाया ऋण 46,239 करोड़ रूपये था। सौदो को संपन्न करने से पहले ऋण और देयता की मात्रा को अंतिम रूप देने के लिए वित्तीय विवरण तैयार किया जाएगा। 15,300 करोड़ रूपये से अधिक का ऋण एयर इंडिया एसेट होल्डिंग कंपनी (एआईएएचएल) को हस्तांतरित किया जाएगा। सरकारी गारंटी को छोड़ने के लिए बिक्री के संपन्न होने और पट्टा वापसी प्रबंधन से देनदारियां 11,939 करोड़ रूपये है, ये भी एआईएएचएल को हस्तांतरित कर दी जाएंगी। इसके अलावा, बोली संरचना के अनुसार, अभिज्ञात मौजूदा और गैर-मौजूदा परिसंपत्तियों पर अन्य अभिज्ञात मौजूदा और गैर-मौजूदा देनदारियों की अधिकता को भी बंदीकरण पर एआईएएचएल को हस्तांतरित कर दिया जाएगा। सौदे से बाहर रखी गई देनदारियों को छोड़ कर अन्य देनदारियां अधिग्रहणकर्ता के पास बनी रहेंगी। एआईएएचएल को हस्तांतरित शेष देनदारियों के साथ एयर इंडिया और इसकी अभिज्ञात सहायक कंपनियों की गैर-महत्वपूर्ण परिसंपत्तियां (31 अगस्त, 2021 की स्थिति के अनुसार, 14,718 करोड़ रुपये का बही मूल्य) विनिवेश सौदे का हिस्सा नहीं हैं, इन्हें सफल बोलीदाता द्वारा अधिकार में नहीं लिया जाएगा, बल्कि एआईएएचएल को हस्तांतरित कर दिया जाएगा। उचित समय पर एआईएएचएल परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण कर देगी। सरकार एआईएएचएल की परिसंपत्तियों (गैर-महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों सहित) एआईएएचएल की अतिरिक्त देयताओं का वहन करेगी।

(घ): जी नहीं।

(ड.): प्रश्न नहीं उठता।

****